प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में एक समारोह में सहायक आचार्यों तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इससे राज्य के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था और मजबूत होगी। समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहे।

****

दुमका में बिजली और पानी का संकट गहरा गया है। इसके विरोध में आज भाजपा नेत्री सीता सोरेन ई–रिक्शा से समाहरणालय पहुंचीं। उन्होंने उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर सुचारु आपूर्ति की मांग की। सोरेन ने कहा कि बिजली कटौती से जलापूर्ति ठप है और लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

****

प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए जिला प्रभारियों की नई सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में राज्य के सभी प्रमंडलों में नियुक्तियां की गईं। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना है।

****

टाटानगर रेलवे स्टेशन जल्द ही विश्वस्तरीय बनेगा। अमृत स्टेशन योजना के तहत 290 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्विकास कार्य तेजी से जारी है। यहां छह मंजिला आधुनिक भवन, आधुनिक प्रतीक्षालय और 10 हजार वाहनों की पार्किंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे ने इस बड़ी परियोजना को अगले तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

****

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस पोस्ट का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकों से एक समय का भोजन न करने का आग्रह किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा कि गृह मंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। इकाई ने नागरिकों से केवल सरकारी स्रोतों से ही सत्यापित जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है। नागरिकों को केंद्र सरकार से संबंधित किसी भी संदिग्ध जानकारी, वीडियो या तस्वीर को पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई के सोशल मीडिया हैंडल पर भेजने की सलाह भी दी है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से अब चतरा जिला सीधे रेल सेवा से जुड़ेगा। रेल मंत्रालय ने बिहार के परैया से चतरा तक 75 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन को मंजूरी दे दी है। करीब 2500 करोड़ रुपये की इस विशेष परियोजना की जानकारी आज स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने प्रेस वार्ता में दी।

साउंड बाइट–कालीचरण सिंह, चतरा ऑन रेल–27 सेकेंड

****

सिमडेगा पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि पूर्व में टुकूपानी से 42 किलो गांजा और तीन पिस्तौल के साथ तस्कर पकड़े गए थे। इसी मामले में एसपी श्रीकांत एस खोटरे की विशेष टीम ने बिहार और ओडिशा के दो–दो अन्य आरोपियों को दबोचा है।

****

रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज दोपहर बाद गरज–चमक के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कई जिलों के लिए येलो और कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी दी है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

****

सरायकेला–खरसावां द्वितीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। श्रीनाथ यूनिवर्सिटी और जिला योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन

किया। मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल सौंपे। अब ये खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******समाप्त*********